**फा. सं. 8/3/2015-पीएफसी डेस्क**

**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

*****

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,

नई दिल्ली, दिनांक 1 जनवरी, 2016

सेवा में,

1. अध्यक्ष, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, आर.के. पुरम, नई दिल्ली।
2. विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उपक्रमों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
3. महानिदेशक एनपीटीआई/सीपीआरआई/बीईई
4. सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली
5. अध्यक्ष, सभी राज्य विद्युत बोर्ड/यूटिलिटियाँ

**विषय : अनुसूची 'क' सीपीएसई पावर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) में निदेशक (परियोजना) के पद हेतु चयन।**

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने दिनांक 23.12.2015 के पत्र के माध्यम से सीपीएसई की अनुसूची 'क' में निदेशक (परियोजना), पावर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) के पद के लिए अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन इस मंत्रालय को भेजने का अनुरोध किया है। इस पद का वेतनमान 75,000-1,00,000/-रूपए (संशोधित) है। इस पद के लिए कार्य विवरण संलग्न है।

2. अनुरोध है कि कार्य विवरण में दर्शायी गई अपेक्षाओं के अनुसार उक्त पद हेतु उपयुक्त पाए जाने वाले अभ्यर्थियों के वरिष्ठतावार नाम उनकी गत 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की प्रतियां और (i) उनके अद्यतन सतर्कता ब्यौरे (गत 10 वर्षों के दौरान लगाई गई शास्ति, यदि कोई हो, (ii) उनके खिलाफ शुरू की गई/शुरू की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्यवाही, यदि कोई हो, के ब्यौरे सहित, उनके अद्यतन जीवन-वृत्त (निर्धारित प्रपत्र में), अधोहस्ताक्षरी को **दिनांक 19 फरवरी, 2016** तक अवश्य भिजवा दिए जाएं।

3. यदि निर्धारित समय के भीतर संबंधित ब्यौरा प्राप्त नहीं होता है तो यह मान लिया जाएगा कि उपरोक्त पद हेतु आपके संगठन द्वारा भेजे जाने के लिए कोई अभ्यर्थी अर्हक नहीं है।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय,

1.1.16

**(नरेंद्र सिंह)**

अवर सचिव, भारत सरकार

प्रति :

1. सचिव, लोक उद्यम चयन बोर्ड, ब्लाक सं. 14, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली
2. सचिव, लोक उद्यम विभाग, ब्लाक सं. 14, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली
3. विद्युत, कोयला और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के प्रधान निजी सचिव
4. विद्युत मंत्रालय के सचिव (विद्युत) के पीपीएस/ एएस(बीएनएस) के पीपीएस/ एएस (बीपीपी) के पीपीएस/ सभी संयुक्त सचिव/ आर्थिक सलाहकार/सभी निदेशक/उप सचिव
5. एनआईसी- विद्युत मंत्रालय की वेबसाइट में रिक्ति को अपलोड करने हेतु।

संख्या. 7/86//2015-पीईएसबी

भारत सरकार

Government of India

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग

Department of Personnel & Training

(लोक उद्यम चयन बोर्ड)

(Public Enterprises Selection Board)

***

ब्लॉक संख्या 14, सी. जी. ओ. कॉम्पलेक्स, लोदी रोड
Block No. 14, C.G.O. Complex, Lodhi Road,
नई दिल्ली/New Delhi-110003

| | | |
|---|---|---|
| पीएसयू का नाम<br>NAME OF THE PSU | : | **पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** |
| पद का नाम<br>NAME OF THE POST | : | **निदेशक (परियोजना)** |
| रिक्ति की तारीख<br>DATE PF VACANCY | : | **1 जनवरी, 2017** |
| सीपीएसई का वेतनमान<br>SCHEDULE OF THE CPSE | : | **A** |
| पद का वेतनमान<br>SCALE OF THE POST | : | **75000-100000 (संशोधित)** |

**1. कंपनी प्रोफाइल**

पावर फ़ाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफ़सी) को कंपनी अधिनियम,1956 के अंतर्गत 16 जुलाई, 1986 को गठित किया गया। पीएफ़सी को कंपनी अधिनियम,1956 के धारा 4 (ए) के अंतर्गत सार्वजनिक वित्तीय संस्थान घोषित किया गया । पीएफ़सी को आरबीआई के साथ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-संरचनात्मक वित्तीय कंपनी (एनबीएफ़सी-एनडी-आईएफ़सी) के रूप में पंजीकृत किया गया है। पीएफ़सी को भारत सरकार द्वारा जून, 2007 में नवरत्न पीएसयू कंपनी का दर्जा दिया गया।

31 जुलाई, 2015 की स्थिति के अनुसार, पीएफ़सी की प्रदत्त पूंजी 1320.04 करोड़ है, जिसमें भारत सरकार की शेयर धारिता 67.80 % है। 31 मार्च, 2015 तक पीएफ़सी की 22 सहायक कंपनियां हैं जिसमें अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट/ स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं के लिए स्थापित एसपीवी भी शामिल हैं।

पीएफ़सी का मुख्य उद्देश्य विद्युत परियोजनाओं का वित्तपोषण करना है जिसमें उत्पादन, ट्रांसमिशन, वितरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण, प्रणाली सुधार इत्यादि हैं । पीएफ़सी, विद्युत क्षेत्र में परामर्श एवं अन्य सेवाएं भी उपलब्ध करता है।. भारत सरकार ने अपने महत्वपूर्ण कार्यक्रमों जैसे यूएमपीपी एवं आर-एपीडीआरपी तथा आईपीडीएस में पीएफ़सी को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया है।

वर्ष 2014-15 के दौरान, पीएफ़सी ने 62,342 करोड़ रुपए की राशि संस्वीकृत की एवं 45,269 करोड़ रुपए की राशि का संवितरित किया। वर्ष 2014-15 के दौरान पीएफ़सी ने 5,959 का निवल लाभ अर्जित किया। 2014-15 के अंत तक ऋण परिसंपत्ति 2,17,042 करोड़ रुपए रही।

पीएफ़सी का पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय नई दिल्ली में स्थित हैं।

**2. कार्य विवरण एवं उत्तरदायित्व**

निदेशक (परियोजना) निदेशक मंडल का सदस्य है तथा वह सीएमडी को रिपोर्ट करता है। वह निवेश पर उचित लाभ सुनिश्चित करने के लिए उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग हेतु विकास तथा प्रभावी कार्यनीति लागू करने के लिए उत्तरदायी है ताकि ऋण प्रचालन, तकनीकी-वाणिज्यिक परियोजना मूल्यांकन के साथ-साथ समय पर वित्तपोषण की गई परियोजनाओं की प्रभावी निगरानी रख सकें।

**3. पात्रता**

**I.** **आयु:** रिक्ति की तारीख (डीओवी) को :

| **अभ्यर्थी** | **रिक्ति की तारीख को आयु** | |
|---|---|---|
| | **न्यूनतम** | **अधिकतम** |
| आंतरिक | 45 | 58 |
| अन्य | 45 | 57 |

**सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष है।**

**II. रोजगार की स्थिति**

आवेदनकर्ता को आवेदन करने की तारीख के दिन के साथ-साथ साक्षात्कार के दिन नियमित रूप से सेवा में आवश्यक रूप से होना चाहिए। आवेदनकर्ता को ठेके पर /तदर्थ रूप से सेवा में नहीं होना चाहिए- निम्न से में से एक होना चाहिए :-

I. केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम(सीपीएसई) का अधिकारी (जिसमें पूर्णकालीन कार्यकारी सीपीएसई के बोर्ड का निदेशक भी शामिल है)

II. केंद्रीय सरकार/संघ के सशस्त्र दल का अधिकारी

III. अखिल भारतीय सेवा का अधिकारी

**III. अर्हता एवं अनुभव**

अभ्यर्थी अभियांत्रिकी में स्नातक होना चाहिए अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से उचित शैक्षणिक रिकॉर्ड के समकक्ष होना चाहिए। अभ्यर्थी को प्रतिष्ठित वृहद संस्थान में प्रबंधन के वरिष्ठ स्तर का पर्याप्त अनुभव होना चाहिए। विद्युत क्षेत्र का अनुभव वांछनीय है।

आंतरिक अभ्यर्थी एवं सरकारी अधिकारी, जिनके पास संबंधित एवं पर्याप्त पृष्ठभूमि एवं अनुभव हो, उनके लिए न्यूनतम अर्हता में छूट है।

**IV. वेतनमान**

क) <u>सीपीएसई के अधिकारियों के लिए</u>

अभ्यर्थी को, रिक्ति की तारीख को, निम्नलिखित वेतनमान अथवा उच्च पर कार्यरत होना चाहिए:

| |
|---|
| 7250-8250 रुपए (आईडीए) |
| 9200–11500 रुपए (आईडीए) पद 01.01.1992 |
| 20500–26500 रुपए (आईडीए) 01.01.1997 |
| 51300–73000 रुपए (आईडीए) 01.01.2007 |
| 18400–22400 रुपए (सीडीए) |
| 37400–67000 रुपए + जीपी 10000 (सीडीए) |

रिक्ति की तारीख तक आंतरिक उम्मीदवारों के लिए पात्र वेतनमान में अपेक्षित न्यूनतम सेवावधि 1 वर्ष होगी एवं अन्य के लिए 2 वर्ष होगी।

(ख) <u>केंद्रीय सरकार के अधिकारी/ संघ की सशस्त्र सेना/अखिल भारतीय सेवा</u>

**अभ्यर्थी को, आवेदन की तारीख के दिन, निम्नलिखित या उच्च वेतन मान/ रैंक पर होना चाहिए :**

(i) केंद्रीय सरकार के अधिकारी/ भारत सरकार में अखिल भारतीय सेवा में संयुक्त सचिव स्तर के पद पर हो या समकक्ष वेतन मान पाता हो ।

(ii) सशस्त्र बलों के अधिकारी :- सेना में मेजर जनरल या **नेवी /वायु सेना में समकक्ष रैंक**

**V. <u>सरकारी अधिकारियों के लिए त्वरित आमेलन की स्थिति</u>**

सरकारी अधिकारी, जिसमें सेना के अधिकारी भी शामिल हैं, के लिए केवल त्वरित आमेलन आधार पर विचार किया जाएगा ।

**4. नियुक्ति की अवधि**

नियुक्ति की अवधि 5 वर्ष तक होगी या सेवानिवृत्ति, जो भी पहले हो, तक होगी।

**5. आवेदनों को जमा करना**

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के एवं सरकारी कार्यालयों के इच्छुक उम्मीदवारों को अपना आवेदन उचित माध्यम से अनुलग्नक में दिए गए प्रारूप में जमा करना होगा।

अधिकारियों की विभिन्न श्रेणियों के लिए आवेदन उचित माध्यम द्वारा निम्न प्रकार से भेजना होगा:

क) सरकारी कार्मिकों के लिए : कैडर नियंत्रण प्राधिकारी के माध्यम से।

ख) सीपीएसई में सीएमडी/एमडी/निदेशक के लिए : संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से।

ग) सीपीएसई में निदेशक मंडल से नीचे : संबंधित सीपीएसई के माध्यम से।

**6. आवेदक/ अभ्यर्थी द्वारा दी गई वचनबद्धता**

क) आवेदक को अपने आवेदक के रूप में यह वचन देना होगा कि अगर उसका चयन हो जाता है तो वह पदभार ग्रहण करेगा। यदि अभ्यर्थी इस प्रकार की वचनबद्धता नहीं देता है तो उसका आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ख) यदि कोई अभ्यर्थी जो साक्षात्कार में उपस्थित हुआ हो एवं पीईएसबी द्वारा उसका चयन कर लिया गया हो तथा वह साक्षात्कार के बाद नियुक्ति पत्र जारी होने से पूर्व पद ग्रहण करने में अनिच्छा प्रकट करता है तो उसके नाम पर किसी भी सीपीएसई में निदेशक मंडल स्तर के पद पर 2 वर्षों तक विचार नहीं किया जाएगा, केवल उसे छोड़कर, जिससे वह संबद्ध है।

ग) यदि कोई अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र के जारी होने के बाद पद ग्रहण करने में अनिच्छा प्रकट करता है तो नियुक्ति पत्र जारी होने की तारीख से उसके नाम पर किसी भी सीपीएसई में निदेशक मंडल स्तर के पद पर 2 वर्षों तक विचार नहीं किया जाएगा, केवल उसे छोड़कर, जिससे वह संबद्ध है।

घ) उपरोक्त मामलों में छूट के किसी अनुरोध एवं किसी भी अन्य अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**संलग्नक पीईएसबी की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।**

**पीईएसबी में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख 25 फरवरी, 2016 है। निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। अधूरे आवेदन या निर्धारित प्रारूप के अनुसार नहीं भरे गए आवेदनों को निरस्त कर दिया जाएगा।**

**निदेशक मंडल के पास साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने का अधिकार है।**

आवेदनों को निम्न पते पर भेजा जाए श्री राजीव राय, सचिव, लोक उद्‌यम चयन बोर्ड, लोक उद्‌यम भवन, ब्लॉक संख्या14, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड़, नई दिल्ली-110003 ।

लोक उद्‌यम चयन बोर्ड के साथ सभी पत्राचार **सचिव, लोक उद्‌यम चयन बोर्ड** के नाम पर भेजा जाए ।

****************